Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to set up a Government Engineering College NIT Institute in Jalaun, Uttar Pradesh .

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन): अध्यक्ष जी, मेरे संसदीय क्षेत्र जालौन के भोगनीपुर के अंतर्गत जनपद जालौन जिला आर्थिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़ा जिला है । यहां इंजीनियरिंग की शिक्षा हेतु कोई भी कालेज नहीं है । जिला जालौन के सभी छात्र जिन्हें बीटेक या एमटेक करना होता है, वे सभी छात्र या तो झांसी जाते हैं या कानपुर जाते हैं । जिला जालौन से झांसी की दूरी करीब 125 किलोमीटर दूर है । यहां के छात्र जो शिक्षा प्राप्त करने जाते हैं, उनकी आर्थिक तंगी के कारण इंजीनियरिंग कालेज में पढ़ने नहीं जा पाते हैं । इस वजह से मेरी केंद्र सरकार से मांग है कि जनपद जालौन के छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, एनआईटी खुलवाने का कष्ट करें, जिससे वहां के छात्र इंजीनियरिंग के क्षेत्र में शिक्षा प्राप्त करके अपना योगदान दे सकें ।

माननीय अध्यक्ष : श्री कुलदीप राय शर्मा को श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।